।संख्या: एच.सी.-19/1/2026-हिंदी कक्ष

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान**

(हिन्दी कक्ष)

**दिनांक: 10 अगस्त**, 2026

# परिपत्र

**विषयः** 14-**30 सितम्बर**, 202**6 की अवधि में राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान में हिन्दी पखवाड़ा आयोजन के संदर्भ में।**

राजभाषा हिन्दी के प्रोत्साहन एवं प्रगामी प्रयोगों की दृष्टि से 14-30 सितम्बर, 2026 की अवधि में संस्थान में 'हिन्दी पखवाड़ा' मनाया जाएगा। उपर्युक्त अवधि के दौरान संस्थान के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। निदेशक महोदय के अनुमोदन से प्रतियोगिताएं वर्गवार आयोजित की जाएंगी, ताकि हिंदी गतिविधियों में सभी वर्ग के कर्मचारियों को प्रतियोगिता में सहभागिता का अवसर प्राप्त हो सके। यह प्रतियोगिताएं/कार्यक्रम निम्नवत आयोजित किए जाएंगे:

| **क्रम** | **तिथि एवं समय** | **गतिविधियाँ** |
|---|---|---|
| 1. | 14.09.2026<br>अपराह्न | निदेशक महोदय की ओर से ई-अपील |
| 2. | 15.09.2026<br>अपराह्न 3:00 से 4.30 बजे तक | रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता |
| 3. | 16.09.2026<br>अपराह्न 3:00 से 4.30 बजे तक | हिन्दी निबंध प्रतियोगिता हिन्दी |
| 4. | 17.09.2026<br>3:00 से 4.30 बजे तक | श्रुतलेखन एवं शब्द ज्ञान प्रतियोगिता |
| 5. | 21.09.2026<br>अपराह्न 2:30 से 4:00 बजे तक | हिंदी कवि-सम्मेलन |
| 6. | 23.09.2026<br>3:00 से 4.30 बजे तक | हिन्दी वाद-प्रतिवाद प्रतियोगिता हिन्दी |
| 7. | 24.09.2026<br>प्रात: 10:45 से 4:30 बजे तक | पूर्ण दिवसीय हिंदी कार्यशाला |
| 8. | 30 सितम्बर, 2026<br>अपराह्न 2:30 से 4:30 बजे तक | हिन्दी पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह- 2026 (हिंदी पत्रिका विमोचन सहित) |

2. **हिन्दी निबंध** तथा **हिन्दी वाद-प्रतिवादं प्रतियोगिताओं के विषय,** प्रतियोगिता आयोजित किए जाने वाले दिन ही, प्रतियोगिता स्थल पर घोषित किए जाएंगे। निर्धारित विषय की घोषणा के पश्चात प्रतिभागियों को विषय पर चिंतन करने हेतु 30 मिनट का समय प्रदान किया जाएगा।
3. आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं को संस्थान के सभी वर्गों के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए प्रतिभागिता हेतु निम्नवत वर्गीकृत किया गया है, अतः इच्छुक प्रतिभागी संबंधित वर्ग के अंतर्गत निर्धारित की गई प्रतियोगिता हेतु ही आवेदन करें:-

   हिन्दी वाद-प्रतिवाद प्रतियोगिता- **संकाय सदस्य/अनुसंधान स्टाफ (आर.ओ./ए.आर.ओ.)/ संस्थान के छात्र / समूह 'क'** के अधिकारियों हेतु
   रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता- **समूह 'ख'** (गैर-अनुसंधान स्टॉफ) के अधिकारियों हेतु
   हिन्दी निबंध प्रतियोगिता- **समूह 'ग'** के अधिकारियों हेतु
   हिन्दी श्रुतलेखन प्रतियोगिता- **बहु कार्यकारी कर्मचारियों** हेतु

4. प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद राशि के रूप में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। निर्धारित राशि के अनुसार **क्रमशः प्रथम पुरस्कार के लिए रू.** 5000/-, **द्वितीय पुरस्कार के लिए रू.** 3000/-, **तृतीय पुरस्कार के लिए रू.** 2000/- **तथा प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए रू.** 2000/-(**दो पुरस्कार-प्रति पुरस्कार रू.**1000/-) **निर्धारित है।**
5. हिन्दी पदों पर कार्यरत कर्मचारी इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे।
6. **प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु आवेदन,** निर्धारित प्रारूप (संलग्न) में हिन्दी कक्ष को प्रेषित किया जा सकेगा। आवेदन अपने विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष/प्रभारी द्वारा उचित माध्यम से अग्रेषित किया जाना चाहिए।
7. आवेदन **प्रतियोगिता आयोजित की जाने वाली तिथि से एक दिन पूर्व तक स्वीकार किए जाएंगे।** कम आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में प्रतियोगिता वाले दिन प्रतियोगिता आरंभ होने से पहले दिए गए चिंतन समय तक आवेदन स्वीकार किए जा सकते हैं, इस संदर्भ में आयोजक विभाग (हिंदी कक्ष) निर्णय ले सकता है।
8. आवेदन प्रपत्र की प्रति परिपत्र के साथ संलग्न है। संस्थान की वेबसाइट से भी आवेदन प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है।
9. **कवि सम्मेलन** : 21 सितंबर, 2026 को अपराह्न 2:30 से 4:00 बजे तक हिंदी कवि सम्मेलन का आयोजन संस्थान के प्रेक्षागृह में किया जाएगा। सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से यह अनुरोध किया जाता है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कवि सम्मेलन में उपस्थित रहें।

10. **हिंदी पखवाड़ा पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह:** 30 सितंबर, 2026 को अपराह्न 2:30 से 4:30 बजे तक हिंदी पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान में आमंत्रित मुख्य अतिथि एवं संस्थान के निदेशक विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करेंगे। हिन्दी पत्रिका 'जन स्वास्थ्य धारणा' के हिन्दी भाषा एवं साहित्य विशेषांक का विमोचन भी इस अवसर पर किया जाएगा। सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से यह अनुरोध किया जाता है कि वे अधिक से अधिक संख्या में हिंदी पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित रहें।

11. यदि किसी अपरिहार्य कारण से किसी गतिविधि की तिथि परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना हिंदी कक्ष द्वारा यथासमय सूचित की जाएगी।

अंकुर यादव
10/8/26

**(प्रो. अंकुर यादव)**
**संकाय प्रभारी (हिंदी कक्ष)/**
**विभागाध्यक्ष, संचार विभाग**

**प्रति प्रेषितः**

1. संस्थान के सभी विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष/नोडल अधिकारी, सभी परियोजना अध्यक्ष कृपया इसे अपने विभाग/अनुभाग में कार्यरत सभी स्टाफ सदस्यों (नियमित एवं संविदा) की सूचना में लाने का कष्ट करें तथा उन्हें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित भी करें।
2. निदेशक के वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक
3. उप निदेशक (प्रशा.) के वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक
4. प्रभारी कंप्यूटर केन्द्र- संस्थान की वेबसाइट पर भी अपलोड हेतु।
5. विभागध्यक्ष, संचार विभाग - उक्त प्रतियोगिताओं की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कवरेज हेतु ।
6. कैंटीन/छात्रावास प्रभारी : उक्त प्रतियोगिताओं में अल्पाहार/भोजन, चाय आदि की व्यवस्था हेतु।
7. कार्यशाला एवं अनुरक्षण प्रभारी : मंच सज्जा एवं अन्य संबंधित व्यवस्थाओं हेतु।
8. प्रभारी (भंडार)- यथा आवश्यक सामग्री हेतु।
9. प्रभारी, शिक्षण खंड : प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु कक्ष की व्यवस्था करने हेतु।
10. सभी सूचना पट्ट

राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान

**हिंदी पखवाड़ा आयोजन-2026**

## आवेदन प्रपत्र

1. प्रतियोगिता का नाम:
2. आवेदक का नाम:
3. पदनाम:
4. आवेदक की मातृभाषा:
5. आवेदन का वर्ग ( हिंदी अथवा हिंदीतर):
6. विभाग अनुभाग (जहां वर्तमान में नियुक्त हैं):
7. इंटरकॉम नंबर:
8. मोबाइल नंबर:
9. ई-मेल:

आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक:

विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर:

नोट: कृपया प्रपत्र भरने से पूर्व हिंदी पखवाड़ा आयोजन-2026 से संबंधित जारी परिपत्र को ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ लें। परिपत्र के अनुसार ही आवेदनपत्र भर कर अग्रेषित करें।